दिल्ली के रामलीला मैदान की गूंज कटिहार में

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

कटिहार। दिल्ली के रामलीला मैदान में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर हुए विरोध प्रदर्शन की गूंज कटिहार में भी सुनाई दी। शहीद चौक पर इंडिया गठबंधन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि सुनील यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और उन्हें पद से हटाने की मांग उठाई गई। दरअसल राहुल गांधी के आह्वान पर देशभर के सभी जिलों में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

इसी कड़ी में कटिहार में भी गठबंधन के नेता सड़क पर उतरे और लोकतंत्र तथा चुनावी प्रक्रिया को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि सुनील यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में निजी कारणों से शामिल नहीं हो सके। इसलिए कटिहार में ही इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। वहीं राजद नेता आशु पांडे ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा हालात में



लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और मांगों के समर्थन में नारे लगाए। इस मौके पर तारकेश्वर ठाकुर, प्रहलाद गुप्ता, आशु पांडे, चंदन यादव, इमत्याजुल हक, रजनीश सिंह, मधुकर राज, रवि कुमार यादव, अमित कुमार, अजय नौशाद, ताहिर, मुर्तजा, महताब सहित महागठबंधन के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर पर्यवेक्षक की बैठक आयोजित

मनसाही (कटिहार) आससे। 22 नवंबर से लेकर 26 नवंबर तक चलने वाले पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर पर्यवेक्षक की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम ने बताया कि सभी पर्यवेक्षक उपस्थित हुए नए सिरे से माइक्रो प्लान तैयार कराया गया एवं नए सिरे से टीकाकर्मी का नाम भी डाला गया एवं 6 एवं 7 नवंबर को सभी सेविका, आशा एवं ट्रांजिट टीम का प्रशिक्षण होगा।

मालूम हो कि भारत में पल्स पोलियो के केस नहीं हैं लेकिन पड़ोसी देश में अभी भी पल्स पोलियो के कैस हैं। इसी को लेकर भारत में बीच-बीच में पल्स पोलियो का अभियान चलाया जाता हैं। जिसमें जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जाती हैं। इसी कड़ी में 22 से लेकर 26 नवंबर तक पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसी को लेकर पर्यवेक्षक की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर क्लर्क विनय कुमार, लेखापाल विकाश कुमार, बीसीएम रंजीता कुमारी आईएफएम मुकेश कुमार, डाटा ऑपरेटर संतोष कुमार सहित सभी पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

एकता परेड का सीधा प्रसारण देख बच्चों ने समझा राष्ट्रीय एकता का महत्व

कुरसेला थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने लिया एकजुटता का संकल्प

कुरसेला (कटिहार) आससे। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को कुरसेला थाना परिसर में गुजरात के एकतानगर में आयोजित



राष्ट्रीय स्तर की 'एकता परेड-2026' का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों, युवाओं और आम लोगों ने परेड के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देखा और समझा।

पुलिस अधीक्षक, कटिहार के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम शाम 5:30 बजे शुरू हुआ। इसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सुतारा में ही मिशन स्कूल, बिहार पब्लिक स्कूल, लंदन किड्स स्कूल सहित सरकारी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने एकतानगर में आयोजित भव्य परेड का सीधा प्रसारण देखा।

मौके पर विद्यार्थियों को बताया गया कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में देशप्रेम, सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना था। इस दौरान उपस्थित लोगों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

80 प्रतिशत कृषि क्षेत्र वाले गंगेली गांव को नगर परिषद में शामिल करना उचित नहीं : संजना देवी

बनमनखी, (पूर्णियां), (आससे)। बनमनखी नगर परिषद के सभापति संजना देवी ने पूर्णियां के जिला पदाधिकारी को एक आवेदन ईमेल के माध्यम से भेजा। आवेदन में सभापति श्रीमति देवी ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि नगर परिषद् बनमनखी क्षेत्र का विस्तार ग्राम पंचायत महाराजगंज-2 के मौजा-गंगैली, थाना नंबर-99 को सम्मिलित करने की बात सामने आ रही है।

जबकि गंगैली मौजा 80 प्रतिशत से भी अधिक कृषि प्रधान क्षेत्र है एवं कार्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूर अवस्थित है। इसलिए किसी भी दृष्टिकोण से गंगैली मौजा को सम्मिलित किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

ऐसे खेत-खलिहान को शामिल कर नगर परिषद को विस्तार के नाम पर प्रशासन के द्वारा पिंड छुड़ाने का काम किया जा रहा है। जबकि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि नगर निकाय में 50 प्रतिशत तक हीं कृषि युक्त भूमि को शामिल करना है। इसके बावजूद भी 80 प्रतिशत से अधिक कृषि वाले गांव को शहर में शामिल करना राजनीतिक से प्रेरित



लगता है।

अगर गंगेली की जगह नगर परिषद से सटे उत्तर धरहरा पंचायत को शामिल कर क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है। जो एक बेहतर विकल्प है। ताकि दैनिक साफ-सफाई, कर संग्रह की बढ़ोतरी एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी हो सके। क्योंकि धरहरा पंचायत से आय का बेहतर विकल्प हो सकता है और शहर से सटा हुआ है।

अगर धरहरा पंचायत को नया परिसिमन में शामिल नहीं कर सकते हैं तो तत्काल इसे विस्तार करने कि आवश्यकता नहीं है। क्योंकि वर्ष 2022 में नगर पंचायत से उत्क्रमित होकर नगर परिषद बना है। मुझे तो ऐसे लगता है कि पदाधिकारियों के ऊपर दबाव बनाकर गंगेली मौजा को शामिल करवाने का प्रस्ताव लिया जा रहा है।

इससे पूर्व भी धरहरा पंचायत को शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया था। फलस्वरूप प्रशासन के उदासीनता के कारण धरहरा को निरस्त करते हुए गंगेली मौजा को शामिल करने का प्रस्ताव मांग किया गया है।

उन्होंने डीएम से मामले में एक बार पुन: स्थल निरीक्षण के पश्चात हीं गंगेली गांव पर कोई ठोस निर्णय लेने का आग्रह किया है।

होमियोपैथिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

मनसाही (कटिहार) आससे। प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के पंचायत भवन मरंगी में एक दिवसीय होमियोपैथिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी कटिहार के डॉक्टर दिव्या भारती, डॉक्टर अभिषेक भारती ने पंचायत से आए लोगों का पूरे शरीर की जांच जापानी टेक्नोलॉजी के मैग्नेटिक क्वांटम तकनीक के मशीन से की एवं दो दिनों के बाद जांच रिपोर्ट आने की बात बताई साथ ही सबों को प्राथमिक इलाज के दौरान सभी को निःशुल्क दवाई भी उपलब्ध कराया गया। कहा कि दो दिन के बाद सभी का रिपोर्ट मिल जाएगा उनके बाद जो भी बीमारियां होगी उनका इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी में राहुल कुमार, रोहित किस्कू सहित समाजसेवी सुभाष कुमार यादव, प्रमोद कुमार रजक सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मेंद्र कुमार यादव, मिथुन कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मरंगी रतन कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

डीएम-एसपी की अगुवाई में मंडलकारा का औचक छापेमारी, जेल प्रशासन में मची अफरातफरी

किशनगंज (आससे)। मंडलकारा किशनगंज में रविवार की अहले सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जिलाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं



पुलिस की करीब 170 सदस्यीय टीम ने अचानक धावा बोल दिया। सुबह करीब चार बजे शुरू हुई इस औचक छापेमारी से जेल प्रशासन में अफरातफरी मच गई। भारी पुलिस बल ने जेल की सभी बैरकों, कैदी वार्डों और परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली।

छापेमारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 एवं 2, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) और पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) समेत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे। अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी जेल को तलाशी अभियान के दायरे में लिया गया। टीम ने एक-एक बैरक, कैदी वार्ड और जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों की बारीकी से जांच की।

प्रशासन की इस कार्रवाई का मुख्य मकसद जेल के भीतर मोबाइल फोन, मादक पदार्थों और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की संभावित मौजूदगी का पता लगाना था। साथ ही जेल की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की गतिविधियों और निगरानी तंत्र की वास्तविक स्थिति को भी परखा गया। घंटों तक चले इस सघन तलाशी अभियान में हालांकि कोई भी आपत्तिजनक अथवा प्रतिबंधित सामग्री बरामद नहीं हुई।

गौरतलब है कि जेल के भीतर प्रतिबंधित सामग्री की संभावित पहुंच और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक को लेकर प्रशासनिक सतर्कता बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अचानक औचक छापेमारी कर जेल की सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मंडल कारा की सुरक्षा, बंदियों की गतिविधियों पर निगरानी और जेल के भीतर अनुशासन बनाए रखने को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए आगे भी औचक निरीक्षण और छापेमारी अभियान जारी रहेंगे। 170 पुलिसकर्मियों की एक साथ मौजूदगी और जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक की सीधी निगरानी में हुई इस कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जेल के भीतर प्रतिबंधित गतिविधियों की आशंका को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

स्वच्छता केवल अभियान नहीं, संस्कृति एवं संस्कार की पहचान

मनसाही (कटिहार) आससे। स्वच्छता के बल एक सरकारी अभियान या नियम नहीं हैं बल्कि यह हमारी सभ्यता, संस्कृति एवं संस्कार का प्रतीक हैं जब तक



प्रत्येक नागरिक अपने घर के बाहर की गली को भी अपना घर समझेगा तभी स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सपना साकार होगा और हमारी संस्कृति की यह खूबी पीढ़ी दर पीढ़ी जीवंत रहेगी।

उक्त बातें आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सियाराम यादव ने शनिवार को विद्यालय में आयोजित अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में कहीं उपस्थित अभिभावकों को उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देश पर दिनांक 31-10 -26 को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य प्रसंग स्वच्छता हमारी संस्कृति हैं विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों को उन्होंने बताया कि स्वच्छता कोई ऐसी आदत नहीं हैं जिसे सिर्फ प्रदर्शन के लिए अपनाया जाए।

यह हमारे संस्कृति और संस्कारों का हिस्सा होना चाहिए, जब हम अपने घरों के साथ-साथ अपने मोहल्ले, शहर, गांव और देश को साफ रखेंगे तभी हम सही मायने में अपनी संस्कृति का सम्मान करते हुए निरोग जीवन जी पाएंगे।

कहा गया हैं की शुद्धता एवं स्वच्छता में ईश्वर का वास होता हैं। इस लिए हम सब मिलकर यह संकल्प ले कि हम ना गंदगी करेंगे और ना किसी को करने देंगे स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत और सुसंस्कृत भारत का सपना तभी सरकार होगा जब स्वच्छता हर नागरिक के जीवन की संस्कृति बन जाएगी। वहीं भारत के पहले गृह मंत्री तथा भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 42 वीं पुण्यतिथि नम आंखों से मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में कालेश्वर साह, अमित कुमार, कुमारी श्वेता सुमन, सुषमा देवी, श्वेता सिंह, शुभांगी पारई, मनोज कुमार, योगेंद्र प्रसाद मंडल, रवि कुमार पासवान, तारकेश्वर कुमार ऋषि एवं सवेरा खातून उपस्थित थे।

शिव डेंटल क्लिनिक के तत्वावधान में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर

कटिहार। शिव डेंटल क्लिनिक एन्ड रिसर्च सेंटर के द्वारा रामपुर स्थित चिल्ड्रंस हैप्पी होम जूनियर और सीनियर, कटिहार में आज नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जूनियर में 250 और सीनियर में लगभग 350 बच्चों के दांतों का चेकअप किया गया। शिव डेंटल क्लिनिक के संस्थापक एवं प्रसिद्ध वरीय दंत चिकित्सक डॉक्टर लीलाधर माहेश्वरी ने आयोजन को संबोधित करते हुए बताया कि अपने दांतों को दिन में कम से कम दो बार टूथपेस्ट से ब्रश करें। शिविर में विद्यालय की प्रधानाध्यापक श्री रंजीत कुमार जी एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का काफी सहयोग रहा। शिविर में नि:शुल्क दवाई भी दी गई। शिविर में डॉ सुमित, डॉ ब्यूटी सिंह, डॉ अविनाश का विशेष सहयोग रहा। शिविर में सहयोगी कुबेर ने सहयोग किया। शिविर में विद्यालय से शिक्षकों और शिक्षिकाओं में नि:शुल्क गीता एवं रामायण के पैंफलेट का भी वितरण किया गया। इस मौके पर उनकी टीम में डॉक्टर ब्यूटी सिंह, डॉक्टर शाजीना और डॉक्टर तमन्ना का सहयोग रहा।

चोपड़ा बाजार में चोरी, पुलिस ने की जांच

बनमनखी (पूर्णिया) (आससे)। बनमनखी पूर्णिया नगर पंचायत जानकीनगर के वार्ड 09 स्थित चोपड़ा बाजार के एक किराना दुकान



में अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित दुकानदार रमेश कुमार साह ने बताया कि पक्का मकान में लगे भेन्टीलेशन को छोड़कर चोर दुकान के अंदर प्रविष्ट हुए। दुकान में रखे पांच कार्टून बिस्कुट, तीन डब्बा चाकलेट और गल्ला का कब्जा तोड़कर उसमें रखे तीस हजार रूपए के सिक्के चोरी कर लिए गए। दुकानदार ने बताया कि वे रात को दुकान बंद कर अपने आवास पर चले जाते हैं। रविवार की सुबह जब वे अपनी दुकान खोलने गए तो दुकान के भीतर से नकदी सिक्के सहित उक्त सामान गायब थे। घटनास्थल पर आसपास के दुकानदार सहित कई अन्य लोग जुट गए। घटनास्थल पर पहुंचे मुख्य पार्षद रमेश पासवान ने वस्तुस्थिति का जायजा लिया। घटना की जांच-पड़ताल करने पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की। घटना मामले में पीडित दुकानदार रमेश कुमार साह ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है।

सामाजिक न्याय मंच का जनसंपर्क अभियान 2 से शुरू

लोकतंत्र और साम्प्रदायिक सरकार पर होगी चर्चा

पूर्णिया (आससे)। सामाजिक न्याय मंच का जनसंपर्क अभियान 2 नवंबर से राजधानी पटना में शुरू होने जा रहा है। सोमवार को पटना के गांधी मैदान स्थित गांधी संग्रहालय में दिन के दो बजे से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों, लोकतंत्र के गिरते स्तर और उस पर लगातार बढ़ रहे खतरों के साथ-साथ सांप्रदायिक और फासीवादी सरकारों के रवैये पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य इन चुनौतियों के विरुद्ध एक व्यापक कोआर्डिनेशन बनाने की दिशा में पहल करना और इसके लिए सभी सहमत समूहों को इस समन्वय समिति में शामिल करना है।

सामाजिक न्याय मंच के संयोजक संजय सिंह सिंधु ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में सामाजिक न्याय मंच सीमांचल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बैठक के संपन्न होने के बाद, देश की संसदीय राजनीति में एक मजबूत विकल्प को लेकर संजय सिंधु वहां के स्थानीय लोगों के साथ विशेष वार्ता भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त में एक बार फिर से मंच का संयोजक बनने के बाद संजय सिंधु का यह सीमांचल क्षेत्र से बाहर पहला संगठनात्मक दौरा शुरू हो रहा है, जिसे राजनीतिक हलकों में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रधानाध्यापक की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

मनसाही (कटिहार) आससे। प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरेठा के प्रधानाध्यापक गुलाब चंद्र मंडल की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाध्यापक को फूलों का माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक गुलाब चंद्र मंडल ने कहा कि 33 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत हो गए।

इस मौके पर कुरेठा पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव, पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुमार मंडल विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने प्रधानाध्यापक गुलाब चंद्र मंडल के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद परिवार के साथ जुड़े रहेंगे और अपने प्रधानाध्यापक के कार्यकाल में अपनी पुत्र पुत्री को एसडीएम, एसडीओ के पद पर सुभाषित किए, जो एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर कुरेठा पंचायत



के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव, पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुमार मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरेठा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष सिंह, वरीय शिक्षक मनोज कुमार, सहायक शिक्षक अजय कुमार साह, पवन कुमार, करुणा कुमारी, नवनीता देवी, कुमारी छाया, सुशील मरांडी, चंदन कुमारी, शिक्षा सेवक दिनेश ऋषि, इंद्रदेव कुमार सहित विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार, विजय वर्मा, अरुण कुमार पासवान, सुबोध कुमार, रंजीत कुमार ठाकुर, सूरज कुमार, संजय झा, गणेश कुमार, कैलाश प्रसाद मंडल आदि उपस्थित थे।